Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 011-23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

फा.सं.सी-55/2011-एमपीलैड्स

दिनांक: 05.06.2015
Dated ....

सेवा में,

1. आयुक्त
   चेन्नई/दिल्ली/कोलकाता नगर निगम
2. सभी जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त

विषयः नव-विकसित समेकित एमपीलैड्स पोर्टल का पूरी तरह परिचालन ।

महोदय,

जैसा कि दिनांक 03.02.2014, 23.05.2014 के समसंख्यक पत्रों के माध्यम से सूचित किया गया है और दिनाक 23.02.2015 को आयोजित नोडल सचिवों की 18वीं अखिल भारतीय अर्ध-वार्षिक समीक्षा बैठक में चर्चा की गई थी, इस बात पर बल दिया गया था कि दिनांक 01.04.2015 से नव-विकसित समेकित एमपीलैड्स पोर्टल पूरी तरह से परिचालन में होगा ।

2. यह देखा गया है कि अनेक नोडल जिला प्राधिकरणों ने अभी तक '164.100.129.134/एमपीलैड्स', लाइव सर्वर पर आंकड़े अपलोड करना शुरू नहीं किया है । इस कारण से विभिन्न रिपोर्टों अर्थात् व्यय ब्यौरा, प्राथमिकता क्षेत्र रिपोर्टें आदि में सही स्थिति प्रदर्शित नहीं हो रही है । ये विवरण पब्लिक डोमेन में हैं । नोडल जिला प्राधिकारियों द्वारा सही स्थिति की सूचना नहीं देने से यह धारणा बन सकती है कि एमपीलैड्स स्कीम जिला प्राधिकारियों द्वारा प्रभावी रूप से कार्यान्वित नहीं की जा रही है । इससे मीडिया/सिविल सोसाइटियों को एमपीलैड्स निधियों के उपयोग में माननीय संसद सदस्यों पर अवांछित तथा अनावश्यक आरोप लगाने का भी अवसर मिल सकता है । एमपीलैड स्कीम के कार्यान्वयन, निगरानी तथा पर्यवेक्षण में मंत्रालय/राज्य सरकारों की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा सकते हैं । **इसलिए अनुरोध है कि '164.100.129.134/एमपीलैड्स', लाइव सर्वर पर आंकड़ों को लगातार और नियमित रूप से अद्यतन किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।**

3. हाल ही में, इस मंत्रालय के ध्यान में यह आया है कि 'mplads.nic.in' पर एमपीलैड्स निधियों का ब्यौरा दर्ज कराने संबंधी किसी लिंक की अनुपलब्धता के कारण भी सूचना नहीं प्रस्तुत की जाती है । इस संबंध में, यह एक बार फिर दोहराया जाता है कि 16वीं लोकसभा तथा आगे और राज्य सभा के वर्तमान संसद सदस्यों के लिए सभी प्रकार की सूचना देने से संबंधित कार्य '164.100.129.134/एमपीलैड्स', लाइव सर्वर पर होना चाहिए । टेस्ट सर्वर '164.100.42.68/एमपीलैड्स', का प्रयोग अभ्यास के लिए किया जाना चाहिए । लाइव सर्वर तथ टेस्ट सर्वर के लिए जिलों का यूजर आईडी तथा पासवर्ड जिला प्राधिकारियों को पहले ही बता दिया गया है ।

4. 'एमपीलैड्स संबंधी दिशानिर्देशों' के पैरा 6.4(viii) के अनुपालन के क्रम में, **नोडल जिला प्राधिकारियों द्वारा इस मंत्रालय को मासिक प्रगति रिपोर्ट अनुवर्ती माह की 10 तारीख तक प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए ।** प्राप्त मासिक प्रगति रिपोर्टों के आधार पर आंकड़े एमपीलैड्स की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते हैं ।

5. इस पोर्टल का प्रयोग करने संबंधी दिशानिर्देश एमपीलैड्स की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं । इस पोर्टल के प्रयोग में किसी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में आप हमसे 'mplads@nic.in' तथा 'varman@nic.in' पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

6. अतः **एक बार फिर अनुरोध है कि एमपीलैड्स से संबंधित सभी कार्यकलापों के संबंध में सूचना प्रस्तुत करने के लिए इस नव-विकसित समेकित एमपीलैड्स पोर्टल का प्रयोग किया जाए ।**

भवदीय,

तपन मित्र

(तपन मित्र)

निदेशक (एमपीलैड्स)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः

1. सभी माननीय संसद सदस्य (लोक सभा/राज्य सभा)
2. सचिव, एमपीलैड्स का काम देख रहे नोडल विभाग (सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र) ।
3. एमपीलैड्स संबंधी राज्य सभा समिति, राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
4. एमपीलैड्स संबंधी लोक सभा समिति, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. एमपीलैड्स प्रभाग में सभी संबंधित अधिकारी ।